संपादकीय

# फिर संसद का क्या मतलब?

विपक्षी नेताओं के मन में यह बात क्यों गहराती जा रही है कि पीठासीन अधिकारियों के भेदभाव वाले व्यवहार के कारण संसद की सरकार की निगरानी और जवाबदेही तय करने की सवैधानिक भूमिका कमजोर होती जा रही है?

संसद के मौजूदा सत्र में दोनों सदनों के पीठासीन अधिकारियों को लेकर विपक्ष में जो रोष नजर आ रहा है, उस पर गंभीरता से चर्चा किए जाने की जरूरत है। खासकर जिस तरह राष्ट्रपति के अभिभाषण पर हुई चर्चा के दौरान विपक्ष के नेताओं के भाषणों के कई हिस्सों को कार्यवाही से निकाला गया, उसका तर्क समझना लोगों को मुश्किल हो रहा है। अभी इस बात पर चर्चा चल रही थी कि राहुल गांधी को नोटिस जारी होने की खबर आई। दो सांसदों ने स्पीकर से शिकायत की की गौतम अडानी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रिश्तों का जिक्र कर राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री का अपमान किया है। अब राहुल गांधी को बुधवार तक इस बारे में स्पष्टीकरण देने को कहा गया है कि उनके खिलाफ विशेषाधिकार की कार्यवाही क्यों नहीं चलाई जानी चाहिए। इस बीत तृणमूल कांग्रेस की महुआ मोइत्रा बार-बार यह शिकायत जता रही हैं कि भाजपा ने अलग-अलग विपक्षी नेताओं के लिए अपने अलग-अलग सांसदों की ड्यूटी तय कर रखी है, जो उनके भाषणों के दौरान लगातार व्यवधान पैदा करते रहते हैं।

स्पीकर इस पर विपक्षी नेताओं को अपेक्षित संरक्षण देने में विफल रहते हैं। उधर राज्यसभा में सभापति पर विपक्ष का आरोप है कि वे खुद विपक्षी नेताओं के भाषणों से लगातार टीका-टिप्पणी करते रहते हैं। साथ ही सत्ता पक्ष की मंशा के मुताबिक निर्णय लेते हैं। जाहिर है, ये सभी बेहद गंभीर आरोप हैं। प्रश्न यह है कि विपक्षी नेताओं के मन में यह बात क्यों गहराती जा रही है कि पीठासीन अधिकारियों के भेदभाव वाले व्यवहार के कारण संसद की सरकार की निगरानी और जवाबदेही तय करने के मंच के रूप में सवैधानिक भूमिका कमजोर होती जा रही है? अगर सत्ता पक्ष सचमुच ऐसा नहीं करना चाहता है, तो उसे इस सिलसिले में विपक्ष से तुरंत संवाद स्थापित करना चाहिए और उसकी शिकायतों को दूर करना चाहिए। वरना देश के एक बड़े जनमत के भीतर यह राय गहराती जाएगी कि भाजपा अपने भारी बहुमत का इस्तेमाल संसद और संसदीय प्रक्रियाओं को अप्रासंगिक बनाने के लिए कर रही है। यह लोकतंत्र के लिए खतरे की घंटी होगी।

# भारत में पेनांग रोड शो 2023 : एमआईसीई उद्योग को बढ़ावा देने के लिए 'चलो पेनांग' अभियान




**नई दिल्ली।** पेनांग सम्मेलन एवं प्रदर्शनी ब्यूरो (पीसीईबी) देश में पेनांग रोड शो 2023 के छठे संस्करण का 13 से 20 फरवरी तक आयोजन कर रहा है।

पेनांग के पर्यटन एवं अर्थव्यवस्था के राज्य मंत्री योह सून हिन ने संवाददाताओं को बताया कि 13 से 20 फरवरी तक मुंबई (13 फरवरी), नयी दिल्ली (15 फरवरी), चेन्नई (17 फरवरी) और हैदराबाद (20 फरवरी) सहित चार अलग-अलग शहरों में ये रोड शो होंगे। भारत में एमआईसीई उद्योग के खरीदारों के साथ जुडऩे और सहयोग स्थापित करने के लिए प्रत्येक शहर में एक नेटवर्किंग कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा।

श्री योह सून हिन ने बताया कि पिछले साल की शुरुआत में आयोजित पेनांग के दूसरे वर्चुअल रोड शो में भारत के विभिन्न यात्रा व्यवसाय क्षेत्रों से पंजीकरण कराने वाले 24 खरीदारों और व्यापार आगंतुकों ने भाग लिया था। इस वर्ष यह वर्चुअल रूप से आयोजित होगा और टीम पीसीईबी के साथ मिलकर कुल 14 पंजीकृत प्रदर्शक लगभग 800 खरीदारों और व्यापार आगंतुकों का स्वागत करेंगे।

उन्होंने कहा, पीसीईबी हमारे व्यावसायिक यात्रियों की प्राथमिकताओं को पूरा करने हेतु भारतीय बाजार के साथ दोबारा संबंध स्थापित करने के लिए नवीनतम बैठक और प्रोत्साहन पैकेज भी लॉन्च करेगा। यह पेनांग की मुख्य भूमि में उपलब्ध आकर्षणों को शामिल करते हुए पेनांग का एक नया परिप्रेक्ष्य प्रस्तुत करने का एक प्रयास है।

योह सून हिन ने कहा कि इस वर्ष पेनांग में 260,000 प्रतिनिधियों के सम्मिलित होने और लगभग 2500 कार्यक्रम आयोजित होने की संभावना है। उन्होंने कहा, पीसीईबी पेनांग को भारतीय बाजार में ऊंचा दर्जा दिलाने के लिए व्यापक ब्लूप्रिंट की रणनीति तैयार कर रहा है। पेनांग में पर्यटन उद्योग की वृद्धि और उन्नति अब तेजी से आगे बढ़ रही है।

पीसीईबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अश्विन गुनासेकरन ने इस मौके पर कहा, पीसीईबी की टीम एमआईसीई उद्योग के लिए पेनांग की मुख्य भूमि में उत्पादों और सेवाओं की पहचान करने और उनका उपयोग करने के लिए मुख्य भूमि मेंअधिक स्थलों का निरीक्षण करेगी। यह प्रयास पेनांग राज्य सरकार के विजन और मिशन के अनुरूप भी होगा। एक रणनीतिक भागीदार होने के नाते मलेशिया एयरलाइंस हमारे स्थानीय और वैश्विक नेटवर्क में कई प्रकार की सेवाओं और संपर्क स्थापित करने में सहायता प्रदान करेगा। इसलिए पेनांग भारतीय बाजार को समायोजित करने के लिए भारत के साथ एयरलाइन कनेक्टिविटी को सक्रिय करने के लिए मिलकर काम कर रहा है। मलेशिया एयरलाइंस भारत, ब्रिटेन, चीन, ऑस्ट्रेलिया, उत्तरी एशिया और आसियान देशों सहित अपने प्रमुख बाजारों में पेनांग के व्यावसायिक कार्यक्रमों का विपणन करने में भी सक्षम है।

भारत में पेनांग रोड शो के दौरान पीसीईबी सभी चार शहरों में अपना स्वयं का अभियान 'चलो पेनांग' भी लॉन्च करेगा।

# एसबीआई ने ग्राहकों को दिया बड़ा तोहफा, अब एफडी पर मिलेगा ज्यादा ब्याज




**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक ने अपने फिक्स्ड डिपॉजिट यानी एफडी रेट्स को 25 बेसिस प्वाइंट्स या 0.25 फीसदी तक बढ़ाने का फैसला लिया है। बढ़ी हुई एफडी की ब्याज दरें 15 फरवरी 2023 से लागू होंगी। बढ़ी ब्याज दरें 2 करोड़ रुपये तक की फिक्स्ड डिपॉजिट पर उपयुक्त रहेंगी। बता दें, इससे पहले देश के सबसे बड़े बैंक ने 13 दिसंबर 2022 को चुनिंदा अवधि की एफडी पर 65 बेसिस प्वॉइंट्स तक का इजाफा किया था।

पढ़ें एसबीआई की लेटेस्ट एफडी रेट

7 दिन से 45 दिन, आम जनता के लिए 3.00 प्रतिशत; सीनियर सिटीजन के लिए 3.50 प्रतिशत

46 दिन से 179 दिन, आम जनता के लिए 4.50 प्रतिशत; सीनियर सिटीजन के लिए 5.00 प्रतिशत

180 दिन से 210 दिन, आम जनता के लिए 5.25 प्रतिशत; सीनियर सिटीजन के लिए 5.75 प्रतिशत

211 दिन से 1 साल से कम, आम जनता के लिए 5.75 प्रतिशत; सीनियर सिटीजन के लिए 6.25 प्रतिशत

1 साल से 2 साल से कम, आम जनता के लिए 6.80 प्रतिशत; सीनियर सिटीजन के लिए 7.30 प्रतिशत

2 साल से 3 साल से कम, आम जनता के लिए 7 प्रतिशत; सीनियर सिटीजन के लिए 7.50 प्रतिशत

3 साल से 5 साल से कम, आम जनता के लिए 6.50 प्रतिशत; सीनियर सिटीजन के लिए 7 प्रतिशत

5 साल से 10 साल तक, आम जनता के लिए 6.50 प्रतिशत; सीनियर सिटीजन के लिए 7.50 प्रतिशत

# टी20 अंतरराष्ट्रीय में 100 विकेट लेने वाली पहली भारतीय बनीं दीप्ति




**केप टाउन।** दीप्ति शर्मा महिला टी20 विश्व कप 2023 में वेस्टइंडीज के खिलाफ ग्रुप-बी मैच के दौरान टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 100 विकेट लेने वाली पहली भारतीय क्रिकेटर बन गयीं। दीप्ति ने अपने 100वें विकेट के रूप में एफी फ्लेचर को आउट किया, जबकि इस मुकाबले में उन्होंने चार ओवर में सिर्फ 15 रन देकर तीन सफलताएं हासिल कीं। दीप्ति ने भारत के लिये अब तक खेले गये 89 टी20 मैचों में 19.07 की औसत से विकेट लिये हैं। दीप्ति के बाद युज़वेंद्र चहल (91) सर्वाधिक विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज हैं। भारत की महिला टीम में सर्वाधिक विकेट लेने के मामले में दीप्ति के बाद पूनम यादव (98), राधा यादव (67), राजेश्वरी गायकवाड़ (58), झूलन गोस्वामी (56) और एकता बिष्ट (53) का नाम आता है।

# एका मोबिलिटी को सीईएसएल से मिला 310 इलेक्ट्रिक बसों का आर्डर



**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिक वाहन और प्रौद्योगिकी कंपनी और पिनेकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड की सहायक कंपनी एका मोबिलिटी को कन्वर्जेंस एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड की 6465 इलेक्ट्रिक बसों के लिए हाल ही में संपन्न निविदा से सकल लागत अनुबंध पर 310 इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद, संचालन और रखरखाव का ठेका मिला है।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि नेशनल ई-बस प्रोग्राम फेज़ 1 के तहत कन्वर्जेंस एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड के द्वारा निविदा निकाली गई थी। लाखों लोगों के लिए स्वच्छ, टिकाऊ और कुशल परिवहन विकल्प प्रदान करने के सरकार के प्रयासों के तहत एका की ई-बसों को इंट्रा-सिटी संचालन के लिए परिवहन विभाग हरियाणा, परिवहन विभाग, अरुणाचल प्रदेश, केरल राज्य सडक़ परिवहन निगम में तैनात किया जाएगा।

कंपनी ने कहा कि 12 वर्षों के लिए इन 310 इलेक्ट्रिक बसों से 12 वर्षों में 140,000 टन कार्बनडाइऑक्साइड उत्सर्जन कम होने की उम्मीद है। इस ऑर्डर के साथ एका की ऑर्डर बुक में काफी वृद्धि हुई है और 500 से अधिक इलेक्ट्रिक बसों और 5000 से ज्यादा इलेक्ट्रिक लाइट कमर्शियल व्हीकल ऑर्डर अभी विचाराधीन है।

पिनेकल मोबिलिटी सॉल्यूशंस एका के संस्थापक और अध्यक्ष डॉ. सुधीर मेहता ने कहा, नेशनल ई-बस प्रोग्राम फेज़ 1 के एक भाग के रूप में इलेक्ट्रिक बसों को संचालित करने के लिए कई राज्य परिवहन प्राधिकरणों द्वारा हमारा चयन होने पर हम रोमांचित हैं। यह ऑर्डर इस बात का प्रमाण है कि भारत में स्वदेशी डिजाइन और निर्माण अब एक वास्तविकता बन गई है और एक व्यवहार्य विकल्प है जो बाजार में चीनी उत्पादों को प्रतिस्थापित कर सकता है। एका के साथ, हम टिकाऊ परिवहन के लिए इकोसिस्टम बनाने के लिए आश्वस्त हैं, जो कार्यक्षम, विश्वसनीय और लाभदायक होगा।

# भारत ने विंडीज को छह विकेट से हराया



**केप टाउन।** दीप्ति शर्मा (15/3) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद ऋचा घोष (44 नाबाद) और कप्तान कप्तान हरमनप्रीत कौर (33) की संयम भरी पारियों के दम पर भारत ने महिला टी20 विश्व कप 2023 के ग्रुप-बी मुकाबले में वेस्ट इंडीज को छह विकेट से मात दे दी।

वेस्ट इंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत के सामने 119 रन का लक्ष्य रखा। भारत ने यह लक्ष्य सिर्फ 18.1 ओवर में चार विकेट गंवाकर हासिल कर लिया।

विंडीज की ओर से स्टेफनी टेलर ने 40 गेंदों पर छह चौकों के साथ सर्वाधिक 42 रन बनाये, जबकि शमेन कैंप्बेल ने 36 गेंदों पर 30 रन का योगदान दिया। दीप्ति ने इन दोनों बल्लेबाजों को आउट करने के अलावा एफी फ्लेचर का विकेट भी निकाला।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम ने तेज शुरुआत की, हालांकि विंडीज ने स्पिनरों के दम पर मैच में वापसी कर ली। भारत के तीन विकेट तेजी से गिरने के बाद हरमनप्रीत और ऋचा ने पारी को संभालते हुए 72 रन की मैच-जिताऊ साझेदारी की। हरमनप्रीत ने 42 गेंदों पर तीन चौकों के साथ 33 रन बनाये, जबकि विस्फोटक बल्लेबाज ऋचा ने 32 गेंदों पर पांच चौके जडक़र नाबाद 44 रन की पारी खेली। लक्ष्य तक पहुंचने से पूर्व हरमनप्रीत आउट हो गयीं, लेकिन ऋचा ने 19वें ओवर की पहली गेंद पर विजयी चौका जमाकर भारत को जीत तक पहुंचा दिया। भारत दो मैचों में दो जीत के साथ ग्रुप-बी में दूसरे स्थान पर बरकरार है, जबकि वेस्ट इंडीज दोनों मुकाबले हारकर तालिका में चौथे स्थान पर है। भारत के लिये लक्ष्य का पीछा करने उतरीं शेफाली वर्मा ने पहले ही ओवर में तीन चौके जडक़र विस्फोटक शुरुआत की। अगले ओवर में शेफाली ने एक चौका जमाया, जबकि स्मृति मंधाना ने दो चौके जड़ डाले। भारत छोटे लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा था और वेस्ट इंडीज को विकेट की सख्त जरूरत थी। करिश्मा रामहरक ने चौथे ओवर में मंधाना (10) को आउट करके विंडीज को पहली सफलता दिलाई।

# जीएमडीसी की नौ महीने की आय 2550 करोड़ रु., कर के बाद लाभ 760 करोड़ रु.




**अहमदाबाद।** गुजरात मिनरल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (जीएमडीसी) की वित्त वर्ष 2023 में नौ महीने की आय 2550 करोड़ रुपये और कर के बाद लाभ 760 करोड़ रुपये रहा। जीएमडीसी ने यहां जारी बयान में कहा है कि भारत में लिग्नाइट की सबसे बड़ी विक्रेता और सार्वजनिक क्षेत्र की अग्रणी खनन कंपनी गुजरात मिनरल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड ने 31 दिसंबर को समाप्त तीसरी तिमाही और नौ महीने के लिए अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। जीएमडीसी की वित्त वर्ष 2023 में संचालन से आय 9 एमएफवाय 22 में 1,675 करोड़ रुपये की तुलना में 9एमएफवाय 23 में 2,550 करोड़ रुपये 52 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। कर के बाद लाभ 9 एमएफवाय 22 में 228 करोड़ रुपये से बढक़र 9 एमएफवाय 23 में 760 करोड़ रुपये हो गया। टैक्स मार्जिन के बाद प्रॉफिट 28 फीसदी रहा।

जीएमडीसी की उपलब्धियां: क्यू3 एफवाय 23 (वायओवाय) स्टैंडअलोन वित्तीय: वित्त वर्ष 22 की तीसरी तिमाही में 725 करोड़ रुपये की तुलना में 9एमएफवाय23 में विभिन्न परिचालनों से कुल आय 855 करोड़ रुपये रही। 9एमएफवाय 23 में कोर एबिटडा 390 करोड़ रुपये दर्ज किया गया जो वित्त वर्ष 22 की तीसरी तिमाही में 241 करोड़ रुपये था। 9एमएफवाय23 में कर के बाद लाभ 265 करोड़ रुपये था जो वित्त वर्ष 22 की तीसरी तिमाही में 149 करोड़ रुपये था।

जीएमडीसी के प्रबंध निदेशक आईएएस रूपवंत सिंह ने कंपनी के वित्तीय प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए कहा, जीएमडीसी में हमारी कड़ी मेहनत और रणनीतिक दृष्टिकोण ने हमें इस इष्टतम वातावरण को बनाने में पूरी तरह से मदद की है। हमारी योजनाएं तेजी से विकास हासिल करने पर केंद्रित हैं। अगली तिमाही में विभिन्न क्षेत्रों में निवेश में वृद्धि देखने को मिलेगी, जिसे हाल ही में कोयला मंत्रालय द्वारा आयोजित वाणिज्यिक कोयला ब्लॉकों की नीलामी के नवीनतम चरण के तहत जीएमडीसी द्वारा लगाई गई बोलियों की संख्या से देखा जा सकता है।

# अक्षय कुमार और इमरान हाशमी की फिल्म सेल्फी का दूसरा ट्रेलर रिलीज




अक्षय कुमार और इमरान हाशमी की फिल्म सेल्फी का नया टीजर और ट्रेलर रिलीज किया गया है. इस टीजर में फिल्म इंडस्ट्री और फिल्मों को लेकर चल रहे सोशल मीडिया ट्रेंड्स का जिक्र भी सुनाई देता है. सेल्फी के नए टीजर में बॉयकॉट एक्टर्स और बॉयकॉट बॉलीवुड का जिक्र किया है. इस टीजर को शेयर करते हुए अक्षय कुमार ने मजेदार कैप्शन भी दिया है. वहीं ट्रेलर में भी इसकी झलक दिखती है.

सेल्फी के इस इस नए टीजर में टीवी पर एक न्यूज रिपोर्टर लोगों से अक्षय कुमार के कैरेक्टर विजय का बॉयकॉट करने के लिए कह रहा है. फिल्म में खिलाड़ी कुमार एक सुपरस्टार की भूमिका में हैं. जैसा कि रिपोर्टर बॉलीवुड का बहिष्कार करता है, फिल्म के निर्माता टीवी की ओर मुड़ते हैं और कहते हैं, ऐसे ही फिल्मों नहीं चल रही है. बाद में, अक्षय, निर्माता की बात सुनने के बाद, अपने चेहरे पर एक सख्त नजऱ के साथ खुद की ओर इशारा करते हैं, जैसे पूछ रहे हों कि क्या मेरी वजह से फिल्में नहीं चल रही हैं?

वहीं ये टीजर शेयर करते हुए अक्षय कुमार ने इंस्टाग्राम पर कैप्शन में लिखा, जो सह रहे हैं वो कह रहे हैं. फिल्म सेल्फी 24 फरवरी को सिनेमाघरों में जरूर देखें.

जाहिर सी बात है फिल्म का ये सीन सोशल मीडिया पर जो कुछ भी हो रहा है उसी के संदर्भ में रखा गया है. पिछले कुछ वर्षों में, जहां एक लोकप्रिय स्टार हर दूसरी फिल्म को बॉयकॉट कॉल का सामना करना पड़ रहा है.

# पठान बनी आईमैक्स में दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म




पठान इस समय बॉक्स ऑफिस पर गर्जना कर रही है। भारत और दुनिया भर में, यह फिल्म 25 जनवरी को रिलीज होने के बाद से ही रिकॉर्ड तोड़ रही है। चार साल के अंतराल के बाद शाहरुख खान को पूरी तरह से भूमिका निभाते हुए देखने के लिए प्रशंसक विशेष रूप से उत्साहित हैं। पठान ने अब वैश्विक स्तर पर 960 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है और घरेलू बॉक्स ऑफिस संग्रह पर 500 करोड़ रुपये के निशान पर नजर गड़ाए हुए है। यह आईमैक्स में अब तक की दूसरी सबसे बड़ी हिंदी ओरिजिनल ग्रॉसर भी बन गई है। 25 जनवरी को रिलीज हुई पठान बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। साथ ही दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम अभिनीत, फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर एक बम्पर शुरुआत की और यह जल्द ही रुकने का नाम नहीं ले रही है।

# आज का राशिफल

***मेष :*** आज का दिन विपरीत फल देने वाला रहेगा। पूर्व निर्धारित योजनाएं अधूरी या असफल हो सकती है। कार्य क्षेत्र पर मनमानी के कारण आर्थिक हानि होगी। आज आप बिना विचारे कोई भी कार्य ना करें।

***वृष :*** आपका आज का दिन छोटी मोटी उलझनों को छोड़ सामान्य ही रहेगा। व्यवस्तता अधिक रहने से पारिवारिक आवश्यकताओ पर ध्यान नहीं दे पाएंगे। सेहत की अनदेखी करना आगे भारी पड़ सकता है।

***मिथुन :*** आज परिस्थितियां आपकी आशाओं के अनुकूल रहेंगी परन्तु आज किसी विशेष व्यक्ति द्वारा भ्रम की स्थिति बनाने से असमंजस में पड़ सकते है। बिना विचारे कोई भी कार्य ना करें छोटी सी भूल लाभ को हानि में बदल सकती है।

***कर्क :*** आज के दिन आपका स्वास्थ्य उत्तम रहने से मानसिक रूप से किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार रहेंगे। अपनी पुरानी योजनाओं को सिरे चढ़ायेंगे परिस्थितियां भी आपके साथ रहने से कार्यो में सफलता सुनिश्चित रहेगी।

***सिंह :*** आज के दिन का पहला भाग कुछ परेशानी वाला रहेगा। कहीं से कोई भी आशा नहीं दिखने से बेचैन रहेंगे। घर का वातावरण अशान्त रहने से मानसिक स्थिति बिगड़ेगी क्रोध में आकर कोई निर्णय ना ले बाद में पश्चाताप होगा।

***कन्या :*** आज के दिन आपमें उतावलापन अधिक रहेगा जिसके कारण समस्याएं सुधरने की जगह और गहरी हो सकती है। नए कार्य का आरम्भ आज ना करें। किसी के जमानती भी ना बने। सन्तानो पर विशेष नजर रखे। धार्मिक यात्रा के अवसर मिलेंगे।

***तुला :*** आज दिन का पहला भाग आलस्य के कारण बेकार हो सकता है। लेट-लतीफी के कारण कार्य बिगडऩे की संभावना है। सहकर्मियों से पहले नाराजगी रहेगी बाद में स्थिति सामान्य हो जायेगी।

***वृश्चिक :*** आज भी दिन आपकी आशाओं की पूर्ति कराने वाला रहेगा। दिन भर मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ्य रहेंगे। झगड़ो को टालने के लिए छोटी-मोटी बातों को अनदेखा करें। कार्य क्षेत्र पर परिश्रम के अनुसार लाभ मिलेने से संतोष रहेगा।


***धनु :*** आज का दिन अशुभ फलदायी रहेगा। घर एवं बाहर आज विवेक से कार्य करें। आर्थिक समस्याओं को लेकर भविष्य की चिंता सताएगी। परिजन भी आज आपके रूखे व्यवहार के कारण दूरी बना कर रखेंगे।

***मकर :*** आज का दिन सभी प्रकार से लाभ देने वाला रहेगा परन्तु आज आपको किसी अच्छे मार्गदर्शक की आवश्यकता पड़ेगी। व्यवहार में गर्मी रहने से बीच-बीच में वातावरण अशान्त भी हो सकता है।

***कुंभ :*** आज के दिन आप राहत का अनुभव करेंगे। कार्यो को लेकर पहले थोड़ा आशंकित रहेंगे परन्तु एक बार सफलता मिलने पर यही क्रम दिन भर बना रहेगा। आर्थिक दृष्टिकोण से दिन बेहद खास रहेगा परन्तु उधार के व्यहार आज ना ही करें तो बेहतर रहेगा।

***मीन :*** आज का दिन आपके लिए थोड़ा राहत वाला रहेगा लेकिन फिर भी कार्यो के प्रति लापरवाही दिखाएंगे फलस्वरूप महत्त्वपूर्ण कार्य अधूरे रहंगे एवं लाभ के अवसर हाथ से निकल सकते है।

# ट्राई करें सूजी की खांडवी



शाम के समय अक्सर भूख लगने पर कुछ हल्का और हेल्दी खाने का मन करता है। ऐसे में शाम की इस भूख को शांत करने के लिए सूजी की खांडवी एक बढ़िया विकल्प साबित होगी। इसे बनाना बेहद आसान है।

**सामग्री :**

- एक कप सूजी
- एक कप दही
- एक कप पानी
- दो चम्मच अदरक
- दो हरी मिर्च
- एक चम्मच तेल ग्रीस के लिए
- तड़के के लिए
- आधा चम्मच राई
- दो साबुत लाल मिर्च
- एक हरी मिर्च
- 6-7 कढ़ी पत्ते
- दो चम्मच तेल

**विधि :**

सबसे पहले दही, अदरक, हरी मिर्च, सूजी और एक कप पानी को मिलाकर मिक्सर में ग्राइंड कर लें।

इसके बाद इस मिश्रण को छानकर 5 मिनट के लिए ढककर ऐसे ही रख दें।

अब इस घोल में जीरा, चिली फ्लेक्स, स्वादानुसार नमक और हरी धनिया पत्ती डालें।

इसके बाद एक थाली लेकर उसे तेल की मदद से चिकना कर लें।

अब दो बड़े चम्मच घोल को थाली में डालकर अच्छे से फैला दें।

इसके बाद गैस पर किसी बड़े बर्तन में पानी रखकर उबलें। अब बैटर लगी इस थाली को गैस पर गर्म पानी के बर्तन पर रखकर भाप में 2 मिनट पकाएं। दो मिनट बाद थाली को भाप से हटा लें और जब यह ठंडा हो जाए तो चाकू की मदद से इसे लंबाई में काटकर रोल कर लें। इसके बाद एक कढ़ाई में तेल डालकर इसे गर्म करें और फिर इसमें राई, साबुत लाल मिर्च, हरी मिर्च, कढ़ी पत्ता डालकर अच्छे से भुनें। अब रोल की गई खांडवी को कढ़ाई में डालकर कुछ देर फ्राई करें। तैयार है सूजी की गर्मागर्म खांडवी। इसे सॉस या चटनी के साथ सर्व करें।

# शब्द सामर्थ्य- 344

**बाएं से दाएं**
1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

**ऊपर से नीचे**
1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | | | | 5 |
| | | 6 | | | | 7 | | |
| 8 | 9 | | | 10 | 11 | | | |
| | | | 12 | | 13 | | | |
| 14 | | | 15 | | | | | |
| | 16 | | | | | 17 | 18 | |
| 19 | | | 20 | 21 | 22 | | 23 | |
| | | 24 | | 25 | | 26 | | |
| 27 | | | | | | 28 | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 343 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भू | कं | प | | फा | य | दा | | स |
| प | | ल | ला | ट | | य | ती | म |
| ति | ल | क | | क | न | क | | झ |
| | क्ष | | | | रे | | | |
| ग | ण | क | | सं | श | य | | सौ |
| ह | | या | च | क | | म | न्न | त |
| रा | क्ष | स | | र | क्ष | क | | न |
| | त्रि | | | | मि | | | |
| शा | य | री | | का | त | र | | गो |

# सू-दोकू- 344

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 2 | | | | 1 |
| | | 5 | 1 | | | | 3 | |
| 7 | | | | 9 | | 8 | | 5 |
| | 8 | | 3 | | 7 | | 5 | |
| 2 | | 7 | | | | 1 | | 3 |
| | 4 | | | 1 | | | 8 | |
| 6 | | 2 | | | 9 | | | |
| | 5 | | 7 | | | 3 | | |
| | | 8 | | 5 | | | 6 | 7 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.343 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | | 1 | 8 |
| 2 | 6 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 4 |
| 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 |
| 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 4 | 5 |